मध्यप्रदेश विधान सभा

अक्टूबर-दिसम्बर, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 22 नवम्बर, 2000 (अग्रहायण 1,1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री इन्द्रजीत कुमार, आवास एवं पर्यावरण मंत्री, जल (प्रदूषण, निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 40 की उपधारा (7) तथा वायु अधिनियम, 1981 की धारा 36 की उपधारा (7) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का लेखा परीक्षण प्रतिवेदन वर्ष 1998-1999 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) डॉ. दालसिंह बिसेन, श्री कंकर मुंजारे, सदस्य, बालाघाट जिले की कृषि उपज मण्डियों में धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर न होने की ओर राज्य मंत्री खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री प्रेमनारायण ठाकुर, सदस्य, शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु चिकित्सकों की नियुक्ति में अनियमितता होने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का वक्तव्य

श्री अजय सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, दिनांक 8 नवम्बर, 2000 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्रमांक-866) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

5. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री हुकुमसिंह कराड़ा, ऊर्जा मंत्री, मध्यप्रदेश विद्युत सुधार विधेयक, 2000 (क्रमांक 30 सन् 2000) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(2) डॉ. विजयलक्ष्मी साधो, चिकित्सा शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद् विधेयक, 2000 (क्रमांक 31 सन् 2000) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगी तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगी.

निर्धारित समय

6. प्रतिवेदनों पर चर्चा

3 घन्टे (शेष 35 मि.) — (1) मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98 एवं 1998-99, लोक आयुक्त संगठन का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98 एवं 1998-99 व्याख्यात्मक ज्ञापन तथा मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त के सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन के अंग्रेजी अंश का हिन्दी रूपान्तर पर चर्चा का पुनर्ग्रहण.

3 घन्टे — (2) मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के प्रथम प्रतिवेदन वर्ष 1996-97 की अनुशंसाओं के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 21 नवम्बर, 2000